आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 08.10.2023

मुख्य समाचारः–

1– वायु सेना आज अपना इंक्यानवां स्थापना दिवस मना रही है–राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों और उनके परिजनों को बधाई दी है।

2– केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता राज्य सरकार के कामकाज से खुश नहीं है और इसे वह सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त भी कर रही है।

3– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कहा है कि अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

4– रायपुर, भिलाई और दल्लीराजहरा में आज से चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता खेली जा रही है।

वायुसेना दिवस

वायु सेना आज अपना इंक्यानवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। इसके लिए वायुसेना के पुराने ध्वज को उतारकर सम्मानपूर्वक वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया। अब इस ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वायुसेना दिवस पर वायुसेना कर्मियों और उनके परिजनों को बधाई दी है।

केन्द्रीय मंत्री–पत्रकारवार्ता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता राज्य सरकार के कामकाज से खुश नहीं है और इसे वह सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त भी कर रही है। दुर्ग में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री मंडाविया ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में राज्य सेवा भर्ती परीक्षा में अनियमितता के आरोप भी लग रहे हैं। श्री मंडाविया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अन्याय हुआ है।

पीएससी–शिकायत

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कहा है कि अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि उनके द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रिया पर कुछ सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं के आध–अधूरे उत्तरों को स्क्रीन शॉट इमेज क्लिक कर वायरल किए जा रहे हैं, जिसमें यह बताया जा रहा है कि प्रश्न के अनुरूप उत्तर नहीं होने पर भी अंक दिए गए हैं। आयोग ने कहा है कि यदि ऐसा किसी अभ्यर्थी के साथ घटित हुआ हो, तो वह इस संबंध में आयोग कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कौशल्या माता विहार योजना के तहत सेक्टर–बारह में आठ सौ बत्तीस एलआईजी बहुमंजिलीय भवनों का वर्चुअल भूमिपूजन किया। रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कौशल्या माता विहार योजना में प्रस्तावित बहुमंजिलीय भवन में तीन सौ बीस टू–बीएचके और पांच सौ बारह थ्री–बीएचके फ्लैट शामिल हैं, जो कि सभी लोगों के लिए आवास की जरूरत पूरा करेगा। इस योजना में मकान लेने के इच्छुक पत्रकारों को मकान खरीदने पर पन्द्रह प्रतिशत की छूट मिलेगी। पत्रकारों को आवास ऋण पर अनुदान दिया जाएगा। तीस लाख रुपए तक के आवास ऋण पर पांच वर्षों तक हर महीने पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल दो हजार तेईस के बाद खरीदे गए मकानों पर लागू होगी।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कल रायपुर के देवेन्द्र नगर थाना के नये भवन और माना थाना क्षेत्र के धरमपुरा में पुलिस सहायता केन्द्र भवन का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। इनमें देवेन्द्र नगर थाना के नये भवन का निर्माण पचास लाख रूपए की लागत से और धरमपुरा में पुलिस सहायता केन्द्र का निर्माण अट्ठारह लाख रूपए की लागत से किया गया।

राष्ट्रीय आयुष मिशन–कार्यक्रम

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत प्रदेश में नौ नए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राज्य शासन के आयुष विभाग द्वारा चिकित्सकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा राज्य में सुप्रजा आयुष मातृ और नवजात देखभाल, वयोमित्र, करुणा, आयुर्विद्या, एनीमिया के साथ लिम्फेटिक फाइलेरियासिस के लिए रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता नियंत्रण जैसे नवीन राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान विभागीय अधिकारियों और चिकित्सकों ने स्वास्थ्य प्रणाली को और मज़बूती प्रदान करने पर चर्चा की।

रेलवे–स्वच्छता पखवाड़ा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कार्यालयों में इन दिनों स्वच्छता बढ़ाने और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 'थ्री–प्वाइंट जीरो' चलाया जा रहा है। इस अभियान में अभी तक फाइल रिकॉर्ड मैनेजमेंट के तहत चार हजार सात सौ से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई। वीडिंग के लिए तीन हजार एक सौ से अधिक फाइलों को चिन्हित किया गया। वहीं, चार सौ सत्तर से अधिक ई–फाइलों का निपटारा किया गया है।

फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप

छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रायपुर, भिलाई और दल्लीराजहरा में आज से चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में चयनित साठ बालिका खिलाड़ियों को खेल और युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने रायपुर में खेल किट प्रदान किए। इस राज्य लीग चैम्पियनशिप में क्वालिफाई करने वाली टीम भारतीय महिला लीग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। प्रतियोगिता का समापन तीस नवम्बर को होगा।

कारखाना–श्रमिक सुरक्षा

प्रदेश के श्रम मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। रायपुर की एक निजी होटल में कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रबंधन से जुड़े लोगों को श्रमिकों की सुरक्षा के लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से सुरक्षा के क्षेत्र मे कार्य करने वाले विशेषज्ञों ने अलग–अलग सत्रों मे व्याख्यान दिए। कार्यशाला में कारखानों में हुई दुर्घटनाओं और उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई।

राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह

राजधानी रायपुर के दलदल सिवनी स्थित छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की गईं। पक्षियों के जीवन पर विशेष ध्यान देने के साथ ही वन्य जीवन और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था। कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा के अधिकारी शशि कुमार ने बर्ड वॉचिंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने चित्र के माध्यम से विभिन्न पक्षियों को पहचानने के बारे में जानकारी दी और इससे जुड़ी पौराणिक कहानियां भी बताई। उन्होंने गिधवा परसदा पक्षी विहार में आयोजित 'हमर चिरई हमर चिन्हारी पक्षी महोत्सव' का वीडियो भी छात्र–छात्राओं को दिखाया और इसके आयोजन से जुड़ी जानकारियां दीं।

साईंस सेंटर के महानिदेशक एस.एस बजाज ने छात्र–छात्राओं को वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी देने के लिए प्रोत्साहित किया।

पीएससी–शिकायत

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कहा है कि अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि उनके द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रिया पर कुछ सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं के आध–अधूरे उत्तरों को स्क्रीन शॉट इमेज क्लिक कर वायरल किए जा रहे हैं, जिसमें यह बताया जा रहा है कि प्रश्न के अनुरूप उत्तर नहीं होने पर भी अंक दिए गए हैं। आयोग ने कहा है कि यदि ऐसा किसी अभ्यर्थी के साथ घटित हुआ हो, तो वह इस संबंध में आयोग कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

अंशकालिक संवाददाता–आवेदन

आकाशवाणी समाचार, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सात जिलों– रायपुर, सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई और गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही से अनुबंध के आधार पर अंशकालिक संवाददाताओं के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन प्रपत्र, समाचार सेवा प्रभाग की वेबसाइट– डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन के वैकेंसी सेक्शन और आकाशवाणी समाचार, रायपुर के ट्विटर हैंडल – सीजी एआईआर न्यूज से भी डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन–पत्र आगामी बारह अक्टूबर तक रजिस्टर्ड पोस्ट या स्पीड पोस्ट के माध्यम से रायपुर के सिविल लाइन स्थित, आकाशवाणी केन्द्र उप–महानिदेशक (अभियंत्रण) सह केन्द्राध्यक्ष के नाम से भेजा जा सकता है।

आवेदक की आयु चौबीस से पैंतालीस वर्ष के बीच होनी चाहिए और पत्रकारिता या जनसंचार में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा के अलावा किसी भी विषय में स्नातक के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए इसके अलावा आवेदक को संबंधित जिले के मुख्यालय अथवा नगर निगम सीमा के दस किलोमीटर दायरे का निवासी होना चाहिए। साथ

ही कम्प्यूटर और इंटरनेट का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी और राजनीतिक दल के सदस्य, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

संक्षिप्त समाचार

– वस्तु और सेवा कर परिषद ने इस वर्ष मार्च तक जारी मांग आदेशों के संबंध में अपील दाखिल करने की तारीख़ इकतीस जनवरी दो हजार चौबीस तक के लिए बढ़ा दी है।

– कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें नमन किया है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद एक संवेदनशील लेखक थे जिन्होंने सरल, सहज और आम बोल–चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों की अमूल्य विरासत छोड़ गए।

– युवाओं को जलवायु परिवर्तन विषय पर जागरूक करने के लिए पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में विज्ञानवार्ता का आयोजन किया गया।

– बच्चों के पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन और रोगों से बचाव के लिए रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल शून्य से सोलह वर्ष तक के एक हजार दो सौ सत्तर बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>